समस्या | जड़ माहू कीट से बचाव के लिए किसानों को सलाह

# बदलते मौसम में फसलों पर माहू का प्रकोप



**शहडोल।** जिले में गेहूं की बुआई सर्वाधिक क्षेत्र में बोई जाती है। गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट की समस्या कहीं-कहीं देखने को मिलती है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कीट गेहूं की फसल में पौधों की जड़ो से रस चूसता है, जिसके कारण पत्तियां ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती है एवं पौधा सूख जाता है।

अपनी प्रारंभिक अवस्था में यह कीट छोटे-छोटे पेच में दिखाई देता है, जो कुछ ही दिनों में पूरे खेत में फैल जाता है। जड़ माहू कीट हल्के पीले एवं काले रंग का होता है, जिसका जीवन चक्र 7 से 10 दिन का होता है। उन्होंने कहा कि कीट से बचाव के लिए किसान भाई अपने खेत की सतत निगरानी करते रहे एवं कीट की समस्या पाये जाने पर एसिटामिप्रिड 20 प्रतिशत 60 ग्राम प्रति एकड़ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत 50 एमएल मात्रा प्रति एकड़ या थायोमेथाक्साम 25 प्रतिशत की 50 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के साथ एनपीके 19.19.19 एक किलोग्राम प्रति एकड़ का 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव कराएं।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विवि में रासेयो का शिविर आयोजित




**शहडोल ।** राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के अंतर्गत आयोजित इकाई स्तरीय विशेष शिविर (2025-26) का उद्घाटन सत्र आज गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर 'मेरा युवा भारत एवं डिजिटल सशक्तिकरण के लिए युवा' विषय पर आधारित है।उद्घाटन सत्र में प्रो. प्रमोद पाण्डेय, प्रभारी कुलगुरु एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. आशीष तिवारी, कुलसचिव, गोपाल रत्नम भाजपा खेल मंडल उपाध्यक्ष, प्रो. गीता सराफ, परिसर प्रभारी शहडोल, प्रो. चेतना सिंह, प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. रजनी गौतम, डॉ. प्रज्ञा यादव, रासेयो अधिकारी महिला इकाई डॉ. धानी जामोद, रासेयो अधिकारी पुरुष इकाई डॉ. मुनीश नेगी, वीरेन्द्र कुर्मी, पूनम मिश्रा सहित रासेयो के वालंटियर एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

अतिथियों के स्वागत पुरुष इकाई अधिकारी डॉ मुनीश नेगी द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, युवाओं की सामाजिक भूमिका, सेवा-भाव तथा डिजिटल सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रमोद पांडे ने कहा लक्ष्य बड़े हो तो छोटे-मोटे अवरोधों को नकारना सीखो, कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वयं सेवकों द्वारा तैयार 'शिविर दर्पण' समाचार प्रतिवेदन बनाया जिसका विमोचन मंच से किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को वोकल फॉर लोकल के तहत स्वयंसेवकों ने स्मृतिचिह्न और रासेयो के बैच लगाकर सम्मान किया, उद्घाटन सत्र के पश्चात शिविर के प्रथम दिवस की गतिविधियाँ प्रारंभ हुई। स्वयंसेवकों को रेड, येलो, ग्रीन एवं ब्लू हाउस में विभाजित किया गया। सभी हाउसों द्वारा सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नाट्य एवं प्रेरक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महिला इकाई अधिकारी डॉ धानी जामोद द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम का संचालन सश्री तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन रासेयो के लक्ष्य गीत के साथ हुआ।

## भाजपा नेता अरूण गौतम को मातृशोक



**शहडोल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण गौतम की मां श्रीमती शिवरानी गौतम का 79 वर्ष की अवस्था में गृह ग्राम वीर खाम में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक व्याप्त है। मृत आत्मा को श्रृद्धांजलि देने शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ जन एवं भाजपा के नेताओं द्वारा शोक श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। श्रृद्धांजलि अर्पित करने वालों में दिलीप पयासी, नरेंद्र शुक्ला, यमुना प्रसाद मिश्रा, रामनिवास तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ला, सूरज पयासी, दिनेश पयासी, नीरज शर्मा, दीपक पयासी, निलेश गुप्ता, आदेश शुक्ला उर्फ राजा नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला चक्रधारी शुक्ला, नगर परिषद उपाध्यक्ष संपत मिश्रा, विजय दुबे, पंकज पांडे प्रमुख रहे।



# ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों को करें पूर्ण

▶ सीईओ ने सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक एवं इंजीनियरों की बैठक में दिए निर्देश

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक एवं इंजीनियरों की बैठक ली। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संबंधितो के विरूद्व सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं।

### पात्रों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियो को दिलाए, योजनाओं से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में ईकेवाईसी कार्य की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के प्रकरणों की निराकरण की स्थिति, पीएम आवास सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, इंजीनियर्स उपस्थिति रहें।

## किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना होगा अनिवार्य

**शहडोल।** फार्मर रजिस्ट्री भारत सरकार की पहल है जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान को युनिक फार्मर आईडी देकर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से पीएम किसान, फसल बीमा, एमएसपी तथा शासकीय योजनाओं में अनुदान प्राप्त करने के लिए बार-बार दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होती है। फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिए किसान को मोबाईल नम्बर को आधार से लिंक कराने, भूमि दस्तावेज, खसरा, बैंक खाता, आदि की जानकारी देकर ग्राम एवं जनपद पंचायत या कॉमन सर्विस सेन्टर अथवा संबंधित पटवारी के माध्यम से कराई जा सकती है। जिले के ऐसे किसान जिन्होने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई है वे यथाशीघ्र फार्मर आईडी बनवाने और भूमि खसरे से लिंक अनिवार्य रूप से कराए जिससे शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

# न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

▶ अमराडंडी और पड़मनिया के बीच महामुकाबला



**शहडोल।** शहडोल संभागीय मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पड़मनिया कला में खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरा न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। रॉयल युवा फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 28 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज 4 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा, जिसमें अमराडंडी और पड़मनिया की मजबूत टीमें आमने-सामने होंगी।

दोनों ही टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई है, जिससे यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। आयोजन समिति के अनुसार, फाइनल मैच के बाद दोपहर 2:00 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, वहीं समापन समारोह 3:00 बजे से संपन्न होगा। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान क्षेत्रीय खिलाड़ियों ने अपने हुनर, अनुशासन और खेल भावना से दर्शकों का दिल जीता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर भी मिल रहा है। रॉयल युवा फुटबॉल क्लब ने क्षेत्र के सभी फुटबॉल प्रेमियों, खेलप्रेमियों एवं ग्रामीणजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस फाइनल महामुकाबले का साक्षी बनें और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। निश्चित ही न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का यह फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा।



# सड़क पर रखी कबाड़ सामग्री को किया गया जब्त

▶ नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने की कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम अतिक्रमण टीम द्वारा शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान मदन मोहन चौबे वार्ड के सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कबाड़ व्यवसाय संचालित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कबाड़ सामग्री जब्त की गई है। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि मदन मोहन चौबे वार्ड में कबाड़ व्यवसाई मोहम्मद शफीक द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर लोहे का कबाड़, पुरानी सामग्री और अन्य सामान फैलाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया और अवैध रूप से रखी गई कबाड़ सामग्री को जब्त कर नगर निगम के वाहन से हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# विकास शुल्क जमा होने के बाद कॉलोनी में बनाई जाएगी सड़क-नाली

▶ शिविरों के माध्यम से जमा कराया जा रहा है विकास शुल्क



**नवभारत, कटनी।** शहर की चिन्हित पात्र अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण और अधोसंरचना विकास के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा वार्डवार विकास शुल्क जमा कराने शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वार्डवासियों की मांग पर राम मनोहर लोहिया वार्ड अहमद नगर मस्जिद के पास आयोजित विकास शुल्क शिविर में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए 3 लाख 66 हजार रुपए की राशि विकास शुल्क के रूप में जमा की। प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि शिविर में काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास शुल्क जमा कराकर अपने क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि विकास शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग संबंधित वार्डों में अधोसंरचना विकास कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। शिविर के दौरान कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को आवश्यक जानकारी देते हुए हुए प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया। विकास शुल्म जमा होने के बाद ऐसे कॉलोनी में सड़क, नाली का निर्माण करायाजाएगा। साथ ही क्षेत्र कही सड़कों में स्ट्रीटी लाइटें भी लगाई जाएंगे। जिससे वार्डवासियों को सुविधा मिलेगी।

## जिला अस्पताल के बाहर प्रदर्शनी लगाने का विरोध

**कटनी।** जिला अस्पताल के सामने अंजुमन इस्लामिया स्कूल के मैदान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले और प्रदर्शनी को लेकर इस बार स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों ने विरोध शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने एसडीएम को पत्र सौंपकर इस मेले के आयोजन पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने मेले के आयोजन से होने वाली गंभीर समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। पत्र में कहा गया है कि मेला लगने से अस्पताल और मरीजों दोनों को परेशानी होती है। स्कूल का मैदान जिला अस्पताल परिसर के सामने स्थित है। प्रदर्शनी के शोर और भीड़ के कारण अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को भारी असुविधा होती है। नियमों के अनुसार अस्पताल और शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे को साइलेंस जोन घोषित किया जाना चाहिए। शिकायत पत्र में कहा गया है कि मेला लगाए जाने से आवागमन की गंभीर समस्या हो जाती है, पार्किंग नहीं होने के कारण वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं।

## न्यायाधीश के बंगले का दरवाजा तोड़ा, चोरी का प्रयास, ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा जनपद मुख्यालय में बेखौफ चोरों ने एक जज के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया है। चोरों ने मजिस्ट्रेट के सूने बंगले के पिछले दरवाजा तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया है। बताया जा रहा है कि न्यायाधीश पूर्वी तिवारी घटना के समय अवकाश पर थीं। जब पड़ोसियों ने घर में हलचल देखी और घटना की जानकारी दी, तब न्यायाधीश की माता ढीमरखेड़ा पहुंची। हालांकि चोर बंगले में घुसे जरूर, लेकिन किसी भी कीमती सामान को ले जाने में सफल नहीं हो पाए। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। न्यायाधीश के बंगले के ठीक बाजू में ही विधायक कार्यालय स्थित है। बताया गया है कि घटना की जानकारी मिलने पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है। पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

वारदात | निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव

# महिला की हत्या से ग्रामीण आक्रोशित



**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना अंतर्गत धवैया गांव में खेत में मवेशी घुसने के विवाद को लेकर की गई मारपीट से गंभीर रूप से घायल हुई महिला की शनिवार को इलाज के दौरान हुई मौत के बाद शुक्रवार को ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों की काफी समझाइस और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। पुलिस ने बताया कि धवैया गांव में 29 दिसंबर 2025 को भोला प्रसाद कुशवाहा के खेत में रज्जन पाठक द्वारा अपने मवेशियों को चरा रहा था, खेत में गेहूं की फसल लगी हुई थी। इसी दौरान भोला प्रसाद की पत्नी कलावती कुशवाहा ने फसल को नुकसान होते देख मवेशियों को खेत से बाहर निकालने को कहा, तो रज्जन पाठक ने उन पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। कलावती की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गया था। गंभीर रूप से घायल कलावती को तत्काल बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया, जहां 1 जनवरी 2026 को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना के दिन बरही पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उनका यह भी कहना है कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड होने के बावजूद उसे खुला छोड़ दिया गया। इसके अलावा, इलाज के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और शुरुआती लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ई रिक्शा से किया जा रहा था शराब का अवैध परिवहन

**कटनी।** जिल के विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने 35 हजार रूपए कीमती सात पेटी शराब जब्त की है। ई रिक्शा के माध्यम से शराब का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रीतेश शर्मा द्वारा लगातार नव वर्ष के दौरान कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इसी दौरान ग्राम कारीतलाई रोड गैस एजेंसी के पहले विजयराघवगढ़ में एक संदिग्ध ई-ऑटो रिक्शा को रोका गया। ई ऑटो रिक्शा से लगभग सात पेटी शराब मिली। शराब और ई ऑटो रिक्शा जब्त कर लिया गया है।

पुलिस ने नन्हवारा गांव निवासी आरोपी पंकेश पिता सुरेन्द्र सिंह बागरी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि झिरिया गांव निवासी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू उरमलिया द्वारा झुकेही की सरकारी शराब दुकानों और ग्राम करहिया से शराब खरीदकर अवैध रूप से थाना क्षेत्र में विक्रय के लिए लाया गया था।



# दद्दा धाम में उमड़े श्रद्धालु, भजनों ने किया भाव विभोर

▶ समाधि स्थल में दर्शन कर लिया आशीर्वाद, मांगी सुख-समृद्धि

**नवभारत, कटनी।** नववर्ष के पहले दिन उपनगरीय क्षेत्र स्थित दद्दा धाम में आस्थ का अद्भुत संगम देखने को मिला। देव बृहस्पति दद्दा जी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नूतन वर्ष के अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। गुरुवार को सुबह से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। देखते ही देखते दद्दा धाम में भक्तों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। नववर्ष के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर और दद्दा जी की समाधि स्थल में विधिवत दर्शन कर सुख-समृद्धि, शांति और मंगलकामनाओं की प्रार्थना की। पूरे धाम परिसर में दिनभर मिनी कुंभ जैसा वातावरण बना रहा। देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं के लिए श्रीजी भजन मंडल द्वारा देर रात तक भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिभाव से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही दिनभर चले भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। नववर्ष के अवसर पर दद्दा धाम परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में पूरी तरह रंगा रहा। दद्दा धाम में नववर्ष के पहले दिन काफी संख्या में दद्दा शिष्य मंडल के सदस्य पहुंचे और मंदिर जाकर दद्दा जी का आशीर्वाद लिया है। दद्दा धाम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की संख्या रही। पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा है। मंदिर में दद्दा जी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया।